# एम.पी.पी.सी.एस.
# प्रारंभिक परीक्षा-2019
# सामान्य अध्ययन-I
# (मॉडल पेपर-2)

समय: 2 घंटे

अधिकतम अंक: 200

1. अशोक के किस शिलालेख में उसकी कलिंग विजय का वर्णन है?
   (a) पहला शिलालेख (b) दूसरा शिलालेख
   (c) तेरहवाँ शिलालेख (d) दसवाँ शिलालेख
2. तोरमाण किस जाति का राजा था?
   (a) हूण (b) कुषाण
   (c) शक (d) यवन
3. देवगिरि को सर्वप्रथम किसने जीता?
   (a) जलालुद्दीन फिरोज़ (b) अलाउद्दीन खिलजी
   (c) गयासुद्दीन तुगलक (d) मुहम्मद-बिन-तुगलक
4. ज़िंदा पीर किसे कहा जाता था?
   (a) अकबर (b) शाहजहाँ
   (c) औरंगज़ेब (d) जहाँगीर
5. 'झंडा सत्याग्रह' के लिये किस शहर को जाना जाता है?
   (a) कानपुर (b) नागपुर
   (c) नैनीताल (d) भोपाल
6. 1907 में कॉन्ग्रेस का विभाजन गरम दल और नरम दल में किस अधिवेशन में हुआ था?
   (a) सूरत (b) कलकत्ता
   (c) नागपुर (d) मद्रास
7. 'व्यपगत सिद्धांत' के द्वारा निम्नलिखित में से किस क्षेत्र को अंग्रेज़ों ने अधिगृहीत नहीं किया था?
   (a) सतारा (b) नागपुर
   (c) झाँसी (d) मैसूर
8. 'मानवता के लिये एक धर्म, एक जाति और एक ईश्वर' का सिद्धांत किसने दिया था?
   (a) ज्योतिबा फुले (b) विवेकानंद
   (c) श्री नारायण गुरु (d) डॉ. भीमराव अंबेडकर
9. 1912 में निम्नलिखित में से किसके द्वारा दिल्ली षड्यंत्र रचा गया था?
   (a) रासबिहारी बोस (b) भाई परमानंद
   (c) शचींद्रनाथ सान्याल (d) सोहन लाल पाठक
10. 1909 में गांधीजी द्वारा लिखित पुस्तक 'हिंद स्वराज' किस भाषा में लिखी गई थी?
   (a) हिन्दी (b) उर्दू
   (c) गुजराती (d) अंग्रेज़ी
11. शिवाजी के 'अष्टप्रधान' में कौन शामिल नहीं था?
   (a) सुमंत (b) मजूमदार
   (c) वाकियानवीस (d) वकील
12. 'चौथ' एकत्रित करने का मुख्य कारण क्या था?
   (a) आय स्रोत में वृद्धि करना
   (b) क्षेत्रों का विस्तार
   (c) राजनीतिक प्रभाव को सुदृढ़ करना
   (d) मुस्लिम शासकों का विरोध
13. पिग्मी जनजाति कहाँ पाई जाती है?
   (a) कालाहारी मरुस्थल (b) कांगो बेसिन
   (c) गोदावरी बेसिन (d) गिब्सन मरुस्थल
14. 'इराक' का पुराना नाम क्या है?
   (a) इरांकी (b) नूतन
   (c) सिंधु सभ्यता (d) मेसोपोटामिया
15. 'अर्द्धरात्रि के सूर्य की भूमि' किस देश को कहा जाता है?
   (a) नॉर्वे (b) अफ्रीका
   (c) भारत (d) यूक्रेन
16. ग्रेट बैरियर रीफ ____________के समीप स्थित है:
   (a) दक्षिण अमेरिका (b) यूरोप
   (c) ऑस्ट्रेलिया (d) अफ्रीका
17. सुंदरबन निम्नलिखित में से किस प्रकार के वन का उत्तम उदाहरण है?
   (a) शुष्क वन (b) पर्णपाती वन
   (c) ज्वारीय वन (d) आर्द्र पर्णपाती वन
18. इंद्रावती जलविद्युत परियोजना किस राज्य में स्थित है?
   (a) तमिलनाडु (b) ओडिशा
   (c) कर्नाटक (d) आंध्र प्रदेश
19. झरिया, रानीगंज, तालचर और कोरबा कोयला क्षेत्र क्रमश: किन राज्यों में स्थित हैं?
   (a) तमिलनाडु, ओडिशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल
   (b) झारखंड, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़
   (c) पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा और छत्तीसगढ़
   (d) पश्चिम बंगाल, ओडिशा, छत्तीसगढ़ और झारखंड
20. भारत में 90% हीरा किस शहर में प्रसंस्कृत किया जाता है?
   (a) बड़ौदा (b) मुंबई
   (c) सूरत (d) जयपुर
21. निम्नलिखित में से ओज़ोन परत किसमें पाई जाती है?
   (a) स्ट्रेटोस्फीयर (b) मेसोस्फीयर
   (c) आयनोस्फीयर (d) ट्रोपोस्फीयर
22. बर्फ से ढकी झील घेपन स्थित है:
   (a) हिमाचल प्रदेश (b) उत्तराखंड
   (c) सिक्किम (d) उत्तर प्रदेश

23. मरीचिका का बनना उदाहरण है:
    (a) प्रकाश के फैलाव का
    (b) परिक्षेप का
    (c) पूर्ण आंतरिक परावर्तन एवं अपवर्तन का
    (d) विवर्तन का

24. गैल्वेनोमीटर के द्वारा पता लगाया जाता है:
    (a) प्रतिरोध (b) ऊर्जा
    (c) विद्युतधारा (d) ताप

25. 'हास्य गैस' का रासायनिक नाम क्या है?
    (a) नाइट्रिक ऑक्साइड
    (b) नाइट्रोजन डाइऑक्साइड
    (c) नाइट्रोजन पेंटॉक्साइड
    (d) नाइट्रस ऑक्साइड

26. 'एस्बेस्टॉस' क्या होता है?
    (a) पोटैशियम (b) एल्यूमिना
    (c) कैल्सियम सिलीकेट (d) मैग्नीशियम सिलीकेट

27. डॉ. हरगोविंद खुराना को किस कार्य के लिये नोबेल पुरस्कार दिया गया था?
    (a) जेनेटिक कोड (b) रक्त समूहन
    (c) डी.एन.ए. खोज (d) HIV की खोज

28. भारत में मिशन इंद्रधनुष संबंधित है:
    (a) गर्भवती महिलाओं के पोषण से
    (b) मधुमेह के प्रति जागरूकता से
    (c) अंधापन निवारण से
    (d) बच्चों के टीकाकरण से

29. किसे अंग्रेज़ी भाषा के साहित्य अकादमी पुरस्कार, 2019 से सम्मानित किया जाएगा?
    (a) अनीस सलीम (b) विक्रम सेठ
    (c) शशि थरूर (d) रहमान अब्बास

30. भारतीय ज्ञानपीठ द्वारा किसे '33वें मूर्तिदेवी पुरस्कार' से सम्मानित किये जाने की घोषणा की गई?
    (a) जॉय गोस्वामी
    (b) एम.पी. वीरेंद्र कुमार
    (c) डॉ. विश्वनाथ प्रसाद तिवारी
    (d) शंखा घोष

31. न्यूनतम मज़दूरी अधिनियम कब पारित हुआ?
    (a) 1948 में (b) 1950 में
    (c) 1955 में (d) 1975 में

32. हवाला लेन-देन भारत में किस अधिनियम के अंतर्गत बंद है?
    (a) फेरा (b) फेमा
    (c) गेल (d) आसपा

33. 20 सूत्री कार्यक्रम का पुनर्स्थापन कब हुआ?
    (a) 2005 में (b) 2006 में
    (c) 2008 में (d) 2009 में

34. प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना उस गाँव में लागू की जाती है जिसकी जनसंख्या (मैदानी क्षेत्रों में) निम्नलिखित में किससे अधिक होती है?
    (a) 500 (b) 1000
    (c) 5000 (d) 10000

35. खाद्य कूपन का विचार किसने दिया?
    (a) सी. रंगराजन (b) वी. सुब्बाराव
    (c) नंदन कुमार (d) कौशिक बसु

36. निम्नलिखित में कौन सा अनुच्छेद 'उपाधियों का अंत' से संबंधित है?
    (a) अनुच्छेद-21 (b) अनुच्छेद-18
    (c) अनुच्छेद-23 (d) अनुच्छेद-24

37. निम्नलिखित पर ध्यान दीजिये:
    1. मौलिक अधिकार 2. मौलिक कर्तव्य
    3. नीति निदेशक सिद्धांत
    पर्यावरण के संरक्षण संबंधी सिद्धांत इनमें से किसमें हैं?
    (a) 1 और 2 (b) 2 और 3
    (c) 1 और 3 (d) 1, 2 और 3

38. राज्य सरकार को कानूनी मामलों में सलाह देने के लिये अधिकृत है:
    (a) मुख्य न्यायाधीश (b) महान्यायवादी
    (c) मुख्यमंत्री (d) महाधिवक्ता

39. प्राय: किसकी सलाह पर राज्य में राष्ट्रपति शासन लागू किया जाता है?
    (a) मुख्यमंत्री
    (b) विधानपरिषद
    (c) राज्यपाल
    (d) उच्च न्यायालय के न्यायाधीश

40. भारत के संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेदों में 'सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार' किसमें स्थापित किया गया है?
    (a) अनुच्छेद-323 (b) अनुच्छेद-324
    (c) अनुच्छेद-325 (d) अनुच्छेद-326

41. अल्फा-अल्फा क्या है?
    (a) घास (b) जनजाति
    (c) पशु (d) नगर

42. केप पहाड़ी ज़ेब्रा किस देश में पाया जाता है?
    (a) दक्षिण अफ्रीका (b) भारत
    (c) केन्या (d) इथियोपिया

43. होंडूरन एमराल्ड क्या है?
(a) एक वृक्ष (b) एक पक्षी
(c) एक पशु (d) एक समुद्री तट

44. केंद्रीय समुद्री मत्स्य अनुसंधान संस्थान (CMFRI) का मुख्यालय कहाँ है?
(a) मुंबई (b) विशाखापट्टनम
(c) चेन्नई (d) कोच्चि

45. जैव-विविधता को अधिकतम संकट है:
(a) प्राकृतिक निवास एवं वनस्पतियों के विनाश से
(b) जलवायु परिवर्तन से
(c) अनुपयुक्त कृषि क्रियाओं से
(d) जल प्रदूषण से

46. केंद्रीय मंत्री थावर चंद गहलोत ने पुस्तक एग्जाम वॉरियर्स के ब्रेल संस्करण का विमोचन नई दिल्ली में किया। इस ब्रेल संस्करण को किसने तैयार किया है?
(a) केंद्रीय नेत्रहीन कल्याण संघ की ब्रेल प्रेस ने
(b) राजस्थान नेत्रहीन कल्याण संघ की ब्रेल प्रेस ने
(c) आईआईटी, कानपुर ने
(d) आईआईटी, मद्रास ने

47. नवंबर 2019 में मस्कट, ओमान में आयोजित समारोह में 26वें विश्व-यात्रा पुरस्कारों 'World Travel Awards' का चयन किया गया। इसमें किस स्थल को विश्व के अग्रणी खेल पर्यटन स्थल के रूप में चुना गया है?
(a) मॉस्को (b) मेलबर्न
(c) अबूधाबी (d) ब्रासीलिया

48. मध्य प्रदेश की पहली शासकीय औषधि परीक्षण प्रयोगशाला कहाँ स्थापित की गई है?
(a) जबलपुर (b) भोपाल
(c) इंदौर (d) ग्वालियर

49. हाल ही में किस स्थान पर एक ऐसे जलीय वातावरण की खोज की गई है जहाँ पर जीवन के किसी भी रूप का पूर्णतया अभाव है?
(a) कल्लोल (b) डाभोल
(c) मामल्लपुर (d) डाल्लोल

50. वर्ष 2019 में शहीद ऊधम सिंह की कौन सी जयंती मनाई गई?
(a) 68वीं (b) 145वीं
(c) 128वीं (d) 120वीं

51. राष्ट्रीय मतदाता दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 17 दिसंबर को (b) 17 मार्च को
(c) 21 जून को (d) 25 जनवरी को

52. विश्व हिन्दी दिवस कब मनाया जाता है?
(a) 16 अगस्त को (b) 14 सितंबर को
(c) 10 जनवरी को (d) 11 जुलाई को

53. हाल ही में दूरदर्शन ने 'वतन' नामक देशभक्ति गीत लांच किया है, इस गीत के गायक कौन हैं?
(a) जावेद अली (b) सत्यार्थ नायक
(c) कैलाश खेर (d) आतिफ असलम

54. वर्ष 2019 में किसको 'रमन मैग्सेसे पुरस्कार' के लिये चुना गया?
(a) रवीश कुमार (b) नीलापैजित अंग्खाना
(c) को स्वे विन (d) उपर्युक्त सभी

55. किस केंद्रीय मंत्रालय द्वारा भारत में प्रथम 'टाइम रिलीज़ स्टडी' का संचालन किया जा रहा है?
(a) वित्त मंत्रालय
(b) उद्योग मंत्रालय
(c) अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय
(d) पर्यटन मंत्रालय

56. वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक, 2020 में भारत को कौन-सा स्थान प्राप्त हुआ है?
(a) 109वाँ (b) 112वाँ
(c) 110वाँ (d) 95वाँ

57. दिसंबर 2019 के मध्य उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (NATO) के सदस्य देशों की सरकारों के प्रमुखों की बैठक कहाँ संपन्न हुई?
(a) न्यूपोर्ट (वेल्स) (b) ब्रुसेल्स (बेल्जियम)
(c) वारसा (पोलैंड) (d) लंदन (यूके)

58. सर्वाधिक जैव-विविधता कहाँ पाई जाती है?
(a) उष्णकटिबंधीय वर्षा वनों में
(b) शीतोष्णकटिबंधीय वनों में
(c) शंकुधारी वनों में
(d) उत्तरी ध्रुवीय वनों में

59. न्यूनतम शिशु लिंगानुपात वाला ज़िला है:
(a) खरगौन (b) जबलपुर
(c) मुरैना (d) दतिया

60. भोपाल गैस त्रासदी कब हुई?
(a) 2-3 दिसंबर, 1984 (b) 2-3 नवंबर, 1984
(c) 2-3 दिसंबर, 1985 (d) 2-3 नवंबर, 1985

61. किस ज़िले में अशोक के शिलालेख पाए गए हैं?
(a) मुरैना (b) ग्वालियर
(c) शिवपुरी (d) दतिया

62. निम्न में से कौन-सा मध्य प्रदेश का प्राकृतिक क्षेत्र नहीं है?
(a) मध्य भारत का पठार
(b) पश्चिमी पठार
(c) सतपुड़ा और मैकाल क्षेत्र
(d) नर्मदा-सोन घाटी

63. मालवा का पठार किस मिट्टी से बना है?
(a) जलोढ़ (b) लाल
(c) काली (d) पीली

64. क्षिप्रा किसकी सहायक नदी है?
(a) स्वर्ण (b) नर्मदा
(c) चंबल (d) सोन

65. नौरादेही वन्यजीव अभयारण्य किसके लिये प्रसिद्ध है?
(a) चीता (b) भालू
(c) गाय (d) हिरण

66. मध्य प्रदेश में कौन-सा ज़िला अंगूर की कृषि के लिये प्रसिद्ध है?
(a) भोपाल (b) उज्जैन
(c) रतलाम (d) इंदौर

67. मध्य प्रदेश के किस ज़िले को देश की ऊर्जा राजधानी कहा जाता है?
(a) ग्वालियर (b) नीमच
(c) जबलपुर (d) सिंगरौली

68. मध्य प्रदेश में प्रतिभूति कागज़ कारखाना कहाँ स्थित है?
(a) होशंगाबाद (b) देवास
(c) ग्वालियर (d) धार

69. मध्य प्रदेश का सबसे पहला आकाशवाणी केंद्र किस नगर में स्थापित हुआ?
(a) इंदौर (b) भोपाल
(c) रीवा (d) ग्वालियर

70. असीरगढ़ का किला किस ज़िले में है?
(a) भिंड (b) उमरिया
(c) बुरहानपुर (d) मंदसौर

71. मध्य प्रदेश में तानसेन संगीत समारोह _______ में आयोजित किया जाता है।
(a) भोपाल (b) इंदौर
(c) धार (d) ग्वालियर

72. निमाड़ उत्सव का आनंद _______ नदी के तट पर लिया जाता है।
(a) चंबल (b) ताप्ती
(c) महानदी (d) नर्मदा

73. निम्नलिखित में से किस जनजाति में घोटुल प्रथा का प्रचलन है?
(a) जारवा (b) मुरिया
(c) भील (d) संथाल

74. इन विश्वविद्यालयों में से कौन-सा भोपाल में स्थित नहीं है?
(a) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय
(b) अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय
(c) रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय
(d) मध्य प्रदेश भोज मुक्त (ओपन) विश्वविद्यालय

75. तात्या टोपे स्टेडियम है:
(a) सीहोर में (b) झाबुआ में
(c) अलीराजपुर में (d) भोपाल में

76. एगमार्क का संबंध है:
(a) संसाधन से (b) गुणवत्ता से
(c) पैकेजिंक से (d) इनमें से कोई नहीं

77. निम्नलिखित में से कंप्यूटर भाषा है:
(a) C (b) M
(c) A (d) B

78. 'ट्राई' निम्नलिखित में से किस क्षेत्र की नियामक संस्था है?
(a) यातायात (b) शिक्षा
(c) दूरसंचार (d) पर्यटन

79. 'चेकमेट' शब्द किस खेल से संबंधित है?
(a) तैराकी (b) शतरंज
(c) किक्रेट (d) हॉकी

80. 'सज्जनों का खेल' किस खेल को कहा जाता है?
(a) तैराकी (b) शतरंज
(c) किक्रेट (d) हॉकी

81. लीनक्स एक:
(a) ऑपरेटिग सिस्टम है।
(b) बीमारी है।
(c) वायरस है।
(d) केमिकल है।

82. 'ढिंग एक्सप्रेस' किसे कहा जाता है?
(a) हिमा दास (b) पीटी उषा
(c) रजनी कुमारी (d) सुशील कुमार

83. 'दिल्ली कैपिटल' टीम के कप्तान हैं:
(a) श्रेयस अय्यर (b) गौतम गंभीर
(c) वीरेंद्र सहवाग (d) सौरभ गांगुली

84. मानव अधिकार आयोग या राज्य आयोग का प्रत्येक सदस्य और इस अधिनियम के अधीन कृत्यों का प्रयोग करने के लिये आयोग या राज्य आयोग द्वारा नियुक्त या प्राधिकृत प्रत्येक अधिकारी भारतीय दंड संहिता की धारा-21 के अर्थ में समझा जाएगा:
(a) लोक सेवक (b) न्यायालय
(c) पंचायत (d) सचिव

85. मानव अधिकार अधिनियम के अंतर्गत तत्समय प्रवृत्त किसी अन्य विधि में किसी बात के होते हुए भी जहाँ सरकार का यह विचार है कि ऐसा करना आवश्यक है वहाँ वह एक या अधिक _______________ कर सकेगी।
(a) मानव अधिकार आयोग का गठन
(b) लोक अभियोजक का गठन
(c) विशेष अन्वेषण दलों का गठन
(d) विशेष शक्तियों का गठन

86. राज्य आयोग उचित लेखा और अन्य सुसंगत अभिलेख रखेगा और लेखाओं का वार्षिक विवरण ऐसे प्रारूप में तैयार करेगा जो राज्य सरकार________________ परामर्श करके विहित करे।
(a) सुप्रीम कोर्ट के किसी भी न्यायाधीश से
(b) सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत मुख्य न्यायाधीश से
(c) भारत के महानियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक से
(d) किसी भी उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त मुख्य न्यायाधीश से

87. "मानव अधिकार से प्राण, स्वतंत्रता, समानता और व्यक्ति की गरिमा से संबंधित ऐसे अधिकार अभिप्रेत हैं, जो संविधान द्वारा प्रत्याभूत किये गए हैं या अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदाओं में सन्निर्दिष्ट और भारत में न्यायालयों द्वारा प्रवर्तनीय हैं।" यह परिभाषा अधिनियम की किस धारा में दी गई है?
(a) धारा-2(ख) (b) धारा-2(ग)
(c) धारा-2(घ) (d) धारा-2(क)

88. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 के अंतर्गत 'सिविल अधिकार' का आशय संविधान के किस अनुच्छेद से अभिप्रेत है?
(a) अनुच्छेद-14
(b) अनुच्छेद-15(4)
(c) अनुच्छेद-17
(d) अनुच्छेद-20

89. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 को संशोधन से पहले किस नाम से जाना जाता था?
(a) अस्पृश्यता (अपराध) अधिनियम
(b) छुआछूत एवं कुरीतियों का उन्मूलन अधिनियम
(c) अस्पृश्यता एवं छुआछूत प्रतिषेध अधिनियम
(d) इनमें से कोई नहीं

90. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित में से किस धारा के अंतर्गत 'कुछ दशाओं में अनुज्ञप्तियों को रद्द या निलंबित किया जाना' का उपबंध किया गया है?
(a) धारा-8 (b) धारा-12
(c) धारा-14 (d) धारा-16

91. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 को संसद द्वारा भारत गणराज्य के कौन-से वर्ष में अधिनियमित किया गया?
(a) चौथे वर्ष (b) आठवें वर्ष
(c) छठे वर्ष (d) सातवें वर्ष

92. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1955 की निम्नलिखित धाराओं तथा उनके प्रावधानों में कौन-सा सुमेलित **नहीं** है?
(a) धारा-2(क)- सिविल अधिकार
(b) धारा-2(कक)- होटल
(c) धारा-2(ख)- स्थान
(d) धारा-2(ग)- दुकान

93. सिविल अधिकार संरक्षण अधिनियम के अंतर्गत अस्पतालों आदि में व्यक्तियों को प्रवेश करने देने से इनकार करने के लिये दंड का प्रावधान किस धारा में दिया गया है?
(a) धारा-7 (b) धारा-5
(c) धारा-8 (d) धारा-11

94. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत अत्याचार से अभिप्रेत है:
(a) धारा-3 के अधीन दंडनीय अपराध
(b) धारा-6 के अधीन दंडनीय अपराध
(c) धारा-4 के अधीन दंडनीय अपराध
(d) धारा-5 के अधीन दंडनीय अपराध

95. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किस धारा में 'वन अधिकार' को परिभाषित किया गया है?
(a) धारा-2(ख ङ) (b) धारा-2(ख ग)
(c) धारा-2(ख च) (d) धारा-2 (ख छ)

96. अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 की निम्नलिखित में से किस धारा में 'पीड़ित' को परिभाषित किया गया है?
(a) धारा-2(ख ङ) (b) धारा-2(ङ ग)
(c) धारा-2(ख च) (d) धारा-2 (ख छ)

97. अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निरोधक) अधिनियम, 1989 के अंतर्गत किस अध्याय में 'निष्कासन' की व्यवस्था का प्रावधान है?
(a) अध्याय 1 (b) अध्याय 2
(c) अध्याय 3 (d) अध्याय 4

98. भारतीय खेल प्राधिकरण का मुख्यालय कहाँ है?
(a) गांधीनगर (b) लखनऊ
(c) सोनीपत (d) दिल्ली

99. हॉकी इंडिया की स्थापना कब हुई?
(a) 2008 में (b) 2009 में
(c) 2007 में (d) 2005 में

100. सौ प्रतिशत सौर ऊर्जा संचालित केंद्रशासित प्रदेश है:
(a) दीव (b) अंडमान एवं निकोबार
(c) दिल्ली (d) चंडीगढ़

# उत्तरमाला ( मॉडल पेपर-2 )

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | (c) | 26. | (d) | 51. | (d) | 76. | (b) |
| 2. | (a) | 27. | (a) | 52. | (c) | 77. | (a) |
| 3. | (b) | 28. | (d) | 53. | (a) | 78. | (c) |
| 4. | (c) | 29. | (c) | 54. | (d) | 79. | (b) |
| 5. | (b) | 30. | (c) | 55. | (a) | 80. | (c) |
| 6. | (a) | 31. | (a) | 56. | (b) | 81. | (a) |
| 7. | (d) | 32. | (b) | 57. | (d) | 82. | (a) |
| 8. | (c) | 33. | (b) | 58. | (a) | 83. | (a) |
| 9. | (a) | 34. | (a) | 59. | (c) | 84. | (a) |
| 10. | (c) | 35. | (d) | 60. | (a) | 85. | (c) |
| 11. | (d) | 36. | (b) | 61. | (d) | 86. | (c) |
| 12. | (a) | 37. | (b) | 62. | (b) | 87. | (c) |
| 13. | (b) | 38. | (d) | 63. | (c) | 88. | (c) |
| 14. | (d) | 39. | (c) | 64. | (c) | 89. | (a) |
| 15. | (a) | 40. | (d) | 65. | (a) | 90. | (a) |
| 16. | (c) | 41. | (a) | 66. | (c) | 91. | (c) |
| 17. | (c) | 42. | (a) | 67. | (d) | 92. | (d) |
| 18. | (b) | 43. | (b) | 68. | (a) | 93. | (b) |
| 19. | (b) | 44. | (d) | 69. | (a) | 94. | (a) |
| 20. | (c) | 45. | (a) | 70. | (c) | 95. | (a) |
| 21. | (a) | 46. | (b) | 71. | (d) | 96. | (b) |
| 22. | (a) | 47. | (c) | 72. | (d) | 97. | (c) |
| 23. | (c) | 48. | (d) | 73. | (b) | 98. | (d) |
| 24. | (c) | 49. | (d) | 74. | (c) | 99. | (b) |
| 25. | (d) | 50. | (d) | 75. | (d) | 100. | (a) |